**दिनांक 23.01.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद में 'जल जीवन मिशन' के तहत नियमित जलापूर्ति तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

---

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में 'जल जीवन मिशन' के तहत नियमित जलापूर्ति तथा आ रही समस्याओं के समाधान के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 23.01.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे से कलेक्ट्रेट, हमीरपुर मे सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें-

1. श्री सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे, हमीरपुर।
2. श्री सन्देश सिंह तोमर, अधिशाषी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर।
3. श्री शिवम कुमार, सहायक अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर।
4. श्री आशीष वाजपेयी, सहायक अभियंता (विद्युत यांत्रिक), एस0डब्लू0एस0एम0।
5. श्री धीरेन्द्र मौर्या, अवर अभियंता जल निगम (ग्रामीण) हमीरपुर।
6. श्री आर0के0शुक्ल, सुपरविजन इंजी, पी0एम0सी0 हमीरपुर।
7. श्री अशोक कुमार, मैनेजर, पी0एन0सी0/श्रीहरि इन्फ्रा।
8. श्री सुनील शर्मा, JWIL-SPML(JV), Hamirpur.
9. श्री अभिषेक पाण्डेय, आई0टी0वर्ल्ड।

फर्म जे.डब्लू.आई.एल-एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत सभी कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं तथा 04 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जाना शेष है। कार्यदायी फर्म पी.एन.सी.-एस.पी.एम.एल.(जेवी) के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 02 हर घर जल सर्टीफिकेट प्राप्त किया जाना शेष है।

अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), हमीरपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना से आच्छादित कई ग्रामों में नियमित शत-प्रतिशत जलापूर्ति नही की जा रही है। सहायक अभियंता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि कई राजस्व ग्रामों में लीकेज होने तथा अवंर जलाशय मे पर्याप्त जल उपलब्ध न होने के कारण नियमित जलापूर्ति नही हो रही है।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि मा0 विधायक हमीरपुर सदर एव राठ ने कैथी, औंडेरा, गुन्देला, रहटिया, गलिहा, बिलपुर, शीतलपुर, पत्योरा, परा, चिकासी, लदार, गुढ़ा, सिमनौढ़ी, रीवन, करहिया, पुरैनी, गिरवर, ममना, आदि ग्रामों के बारे में सूचित किया है कि इन ग्रामों में नियमित जलापूर्ति नही की जाती, कई घरों में नल कनेक्शन नही दिया गया है तथा कही कही पर सडक पैच वर्क का कार्य किया जाना अवशेष है। जिस पर ग्रामवार एजेन्सी, अधिशाषी अभियता, अवंर/सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि-

1-पत्योरा- सहायक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि नियमित जलापूर्ति नही की जाती।

2-कैथी- लीकेज होने के कारण जलापूर्ति बाधित होती है जिस पर फर्म के प्रतिनिधि श्री सुनील शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि लीकेज टीम लगा दी गयी है।

3-औंडेरा- लाइन चोक होने के कारण जलापूर्ति बंद है जिस पर फर्म के प्रतिनिधित ने अवगत कराया कि टीम लगाकर पाइप लाइन शीर्घ ही ठीक करा दिया जायेगा।

4-गुन्देला एवं रहटिया- पिछले लगभग 50 दिवस से जलापूर्ति से सम्बन्धित शिकायत का निस्तारण नही किया गया है जिस पर सहायक अभियंता श्री अनुराग द्वारा अवगत कराया गया कि टीम लगा दी गयी शीर्घ ही शिकायत का निस्तारण करा दिया जायेगा।

5-बिलपुर- जलापूर्ति पूरे ग्राम में सुचारू रूप से नही की जा रही है, फर्म के प्रतिनिधि अनुपस्थित पाये गये। सम्बन्धित जेई/एई को पूरे ग्राम मे नियमित जलापूर्ति कराने का निर्देश दिया गया।

Scanned with OKEN Scanner

6–शीतलपुर– नियमित जलापूर्ति नही की जाती एवं प्रजापति मुहल्ले में जलापूर्ति नही हो रही है सम्बन्धित जेई/एई को पूरे ग्राम में नियमित जलापूर्ति कराने का निर्देश दिया गया।

7–पहरा– अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि पिछले एक माह से जलापूर्ति की शिकायत का निस्तारण अभी तक नही किया गया है जिस पर फर्म के प्रतिनिधि ने 07 दिवस के अन्दर शिकायत का निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया।

8–पुरैनी– जलापूर्ति से सम्बन्धित शिकायत के निस्तारण के बारे में पूछने पर मेसर्स आई0टी0 वर्ल्ड के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 40 घरों में सप्लाई हो रही है व पुनर्गठन का कार्य अपूर्ण होने के कारण जालपूर्ति नही हो पा रही है जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि यथाशीघ्र अवशेष कार्य पूर्ण कराकर शेष घरों में जलापूर्ति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

9–गिरवर– जलापूर्ति शिकायत के निरतारण के बारे में पूछने पर अवर अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि 85 प्रतिशत जलापूर्ति हो रही है शेष घरों में ऊचाई होने के कारण जलापूर्ति नही हो पा रही है। अलग से उस क्षेत्र में सीधे पाईप डालकर 10 दिवस के अन्दर जलापूर्ति उपलब्ध करा दी जायेगी।

10–ममना– जलापूर्ति शिकायत के बारे में पूछने पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया कि 90प्रतिशत घरों में जलापूर्ति हो रही है तथा शेष घरों में शीघ्र ही जलापूर्ति उपलब्ध करा दी जायेगी।

11–देवगांव– 90प्रतिशत घरों में जलापूर्ति हो रही है शेष घरों में जलापूर्ति नही हो पा रही है जिस पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि ग्राम प्रधान द्वारा नाली बनाने का कार्य किया जा रहा है जिस कारण जलापूर्ति में पाइप टूटने के कारण बाधा हो रही है जिसे शीघ्र ही ठीक करके शेष घरों में जलापूर्ति उपलब्ध करा दी जायेगी।

12–करहिया– फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 85 प्रतिशत घरों में जलापूर्ति हो रही है तथा शेष घरों में निजी पंप लगा लेने के कारण जलापूर्ति नही हो पा रही है जिस पर फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि जिन घरों में निजी पंप लगाया गया है उसकी सूची अधिशासी अभियंता को 03 दिवस के अन्दर उपलब्ध करायें तथा अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि तदानुसार अग्रिम कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

13–खण्डेह– फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि 80प्रतिशत घरो मे जलापूर्ति की जा रही है तथा शेष घरों में जलापूर्ति हेतु किये जाने वाले कार्यों की डी0पी0आर0 स्वीकृति होने पर कार्य पूर्ण कराकर जलापूर्ति उपलब्ध करा दी जायेगी।

14–गलिहा– अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि उक्त ग्राम के जलापूर्ति शिकायत की निस्तारण रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

15–घुरौली एवं बुढी– जलापूर्ति शिकायत निस्तारण के बारे में पूछने पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप लाइन टूटने के कारण जलापूर्ति नही हो पा रही है जिसे ठीक कराकर शीघ्र ही जलापूर्ति उपलब्ध करा दी जायेगी।

16–गढहर– जलापूर्ति शिकायत निस्तारण के बारे में पूछने पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि कैनाल के पास पाइप लाइन टूट गयी है जिसे ठीक कराकर शीघ्र ही जलापूर्ति उपलब्ध करा दी जायेगी।

17–त्योतना– जलापूर्ति शिकायत निस्तारण के बारे मे पूछने पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि कैनाल के पास मेन पाइप लाइन टूट गयी है जिसे ठीक कराकर शीघ्र ही जलापूर्ति उपलब्ध करा दी जायेगी।

18–खरेहटा बुजुर्ग एवं बिलरख– जलापूर्ति शिकायत निस्तारण के बारे में पूछने पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि पाइप लाइन चोक हो जाने के कारण जलापूर्ति में बाधा उत्पन्न हुयी है जिसे ठीक कराकर शीघ्र ही जलापूर्ति उपलब्ध करा दी जायेगी।

Scanned with OKEN Scanner

19–लहरा– जलापूर्ति शिकायत निस्तारण के बारे में पूछने पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 70 प्रतिशत घरों मे जलापूर्ति हो रही है तथ शेष घरों में लीकेज व पाइप लाइन चोक का कार्य ठीक कराकर शीघ्र ही जलापूर्ति उपलब्ध करा दी जायेगी।

20–खण्डेही जार– जलापूर्ति शिकायत निस्तारण के बारे में पूछने पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि शिकायत का निस्तारण 31.01.2026 तक कर दिया जायेगा जिस पर अधोहस्ताक्षरी ने निस्तारण रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

21–इसौली– अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि उक्त ग्राम के जलापूर्ति शिकायत की निस्तारण रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

22–वदनपुर एवं कल्ला– फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 50 प्रतिशत घरों मे जलापूर्ति हो रही है, शेष घरो में 10 दिवस के अन्दर मेन्टेनेंस कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति उपलब्ध करा दी जायेगी।

23–नारायणपुर, बांकी, बरदहा एवं पचखुरा खुर्द– फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि जलापूर्ति शिकायत का निस्तारण कर अनुपालन आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

24–सुरौली बुजुर्ग– जलापूर्ति से सम्बन्धित शिकायत के बारे में पछने पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त ग्राम की डी0पी0आर0 स्वीकृत नही हुयी है जैसे ही मुख्यालय से स्वीकृति मिल जायेगी उक्त ग्राम के कार्यो को पूर्ण कराकर नियमित जलापूर्ति उपलब्ध करा दी जायेगी।

बैठक में अधिशासी अभियंता (वि0/यां), श्री मानवेन्द्र कुमार सहायक अभितया (सिविल), श्री शंकू कुमार अवंर अभियंता (सिविल), मै0 जय माँ लक्ष्मी, मै0 अवस्थी ट्यूबवेल, मै0 अनिल शर्मा कन्सट्रक्शन, मै0 बी0के0 कन्सट्रक्शन, एवं एन0के0 गुप्ता के प्रतिनिधि अनुपस्थित पाये गये। अधिशासी अभियंता (वि0/यां), द्वारा विगत एक वर्ष से बैठकों में प्रतिभाग नही किया जा रहा जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने सहायक अभियंता विद्युत यांत्रिक को निर्देशित किया कि आगामी बैठकों में अधिशासी अभियंता (वि0/यां), सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि अवंर जलाशयों का प्रत्येक माह में दो बार सफाई कराकर प्रत्येक दशा में जल की गुणवत्ता जांच करके ही जलापूर्ति उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायें। सभी फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों मे जलापूर्ति सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त हुयी हैं का 07 दिवस के अन्दर निस्तारण कर अनुपालन आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

अन्त में सभी को धन्यवाद देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

**कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर**

*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

---

पत्र संख्या– 1112 /न0गंगे–पे0यो0–स0बै0(2025–26) दिनांक– 13.2.26

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ। (ई–मेल)
2. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता, एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
5. मुख्य अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी। (ई–मेल द्वारा)

Scanned with OKEN Scanner

6. अधीक्षण अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बांदा।
7. अधिशासी अभियंता, नि0नि0ख0, रा0/हमीरपुर।
8. अधिशासी अभि0, जल निगम(ग्रामीण), हमीरपुर को इस निर्देश के साथ कि समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए 05 दिवस के अन्दर अनुपालन आख्या उपलब्ध करायें।
9. अधिशासी अभियंता नि0/मॉ0, जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट। (ई-मेल द्वारा)
10. डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई0)/सुपरविजन इंजी0, पी0एम0सी0 हमीरपुर।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर, पी0एम0सी0/जनरल मैनेजर, जे0डब्लू0आई0एल0, हमीरपुर को अनुपालनार्थ।
12. पुर्नगठन योजना की समस्त कार्यदायी फर्मों को अनुपालनार्थ। (ई-मेल द्वारा)

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

Scanned with OKEN Scanner